There has been no appreciable increase in the number of victims of terrorist violence during the last few months.

(c) and (d) The army is available to the Government of Punjab for internal security duties, as and when the need arises.

उत्तर प्रदेश में परिवार कल्याण संबंधी कार्यक्रम

44. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में गत पांच वर्षों के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए ग थे और इनकी उपलब्धि के बारे में जिलेवार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस कार्यक्रम के लिए राज्य को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई और प्रत्येक जिले द्वारा इस राशि में से कितनी प्रतिशत राशि का उप ोग किया गया ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी॰ के॰ तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।

उत्तर प्रदेश में रेलवे स्टेशनों पर किया गया खर्च

45. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने कग कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर और सुल्तानपुर में रेलवे स्टेशनों पर कितनी राशि खर्च की गई और आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उन पर कितनी राशि खर्च किये जाने का विचार है ; और

(ख) इन रेलवे स्टेशनों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) पिछले पांच वर्षों के दौरान खर्च की गई राशि के स्टेशनवार ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

स्टेशन	राशि (लाख रुपयों में)
जौनपुर	9.76
सुल्तानपुर	9.84
आजमगढ़	0.83
मऊ	1.50
गाजीपुर	0.62

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान किये जाने वाला खर्च संसाधनों की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ख) इन सभी स्टेशनों पर सम्हाले जा रहे यातायात की मात्रा के आधार पर मानदण्डों के अनुसार पर्याप्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं । भावी विकास/आधुनिकीकरण से संबंधित कार्य, जोकि एक सतत् प्रक्रिया है, सभी किये जायेंगे जब यातायात बढ़ जाने से ऐसा करना आवश्यक होगा बशर्ते कि धन उपलब्ध हो ।

उत्तर प्रदेश में पेट्रोल/डीजल के खुदरा बिक्री केन्द्रों और रसोई गैस की एजेन्सियों के विरुद्ध कार्रवाही

46. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ गाजीपुर और सुल्तानपुर जिलों में पेट्रोल/डीजल के उन खुदरा बिक्री केन्द्रों और रसोई गैस की एजेन्सियों, जिन्हें पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी में अन्तर्ग्रस्त पाया गया है, के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही या की जाने वाली प्रस्तावित कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उस राज्य में पेट्रोल/डीजल के बिक्री केन्द्रों और रसोई गैस की एजेंसियों द्वारा की गई कालाबाजारी के मामलों की जिलेवार संख्या क्या है ; और